# 38. राजस्थान लोक सेवा आयोग

❑ राजस्थान लोक सेवा आयोग का गठन हुआ-
[II Grade (Maths) Exam. 2011]

(1) 20 अगस्त, 1949 (2) 1 नवम्बर, 1956
(3) 30 मार्च, 1948 (4) 26 जनवरी, 1950

**Ans. (1)**

*व्याख्या-भारत में सन् 1919 ई. के भारत सरकार अधिनियम के अधीन सर्वप्रथम 1926 ई. में लोक सेवा आयोग की स्थापना की गयी थी। लोक सेवा आयोग की स्थापना के लिए 1924 ई. में ली कमीशन ने सिफारिश की थी। स्वतंत्रता प्राप्ति के समय तक राजस्थान की केवल तीन रियासतों ने अपनी प्रशासनिक सेवाएँ आरम्भ की तथा भर्ती के लिए लोक सेवा आयोग की स्थापना की थी। जोधपुर में 1939, जयपुर में 1940 तथा बीकानेर में 1946 में राज्य लोक सेवा आयोग ने अपना कार्य करना प्रारम्भ कर दिया। इन आयोगों का दायित्व भर्ती एवं सेवा संबंधी नियमों का निर्माण तथा कुछ वर्गों के कर्मचारियों की नियुक्ति करना था। राजस्थान के एकीकरण के पश्चात् राजस्थान राज-पत्र में दिनांक 20 अगस्त, 1949 को प्रकाशन के अनुसार राजस्थान लोक सेवा आयोग अध्यादेश 1949 प्रभाव में आया था। अध्यादेश की धारा 1(3) के मुताबिक उक्त अध्यादेश आगामी उस तिथि को प्रभाव में आना बता रखा है जिस तिथि को नियुक्ति बाबत् नोटिफिकेशन का गजट में प्रकाशन होगा एवं 22 दिसम्बर, 1949 को राजपत्र में राजस्थान लोक सेवा आयोग अध्यादेश की धारा 1(3) की पालना में नोटिफिकेशन का गजट में प्रकाशन किया गया। अतः स्पष्ट है कि राजस्थान लोक सेवा आयोग (RPSC) दिनांक 22 दिसम्बर, 1949 को अस्तित्व में आया एवं जयपुर में राजस्थान लोक सेवा आयोग की स्थापना की गई। इसका प्रथम अध्यक्ष सर. एस. के. घोष को बनाया गया। 1956 में राज्य पुर्नगठन के बाद सत्यनारायण राव समिति की सिफारिश पर लोक सेवा आयोग अजमेर स्थानान्तरित कर दिया गया।*

❑ राजस्थान लोक सेवा आयोग .... से प्रभाव में आया।
[राजस्थान पुलिस कॉन्स्टेबल-16.05.2022 (II)]

(1) 22 नवम्बर, 1949 (2) 22 दिसम्बर, 1949
(3) 22 जनवरी, 1950 (4) 22 फरवरी, 1950

**Ans. (2)** *व्याख्या : उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।*

❑ राजस्थान लोक सेवा आयोग के प्रथम अध्यक्ष कौन थे?
[कॉलेज व्याख्याता परीक्षा-2016]
[राजस्थान पुलिस कॉन्स्टेबल-15.07.2018(I)]
[पटवार-24.10.2021 (Shift - II)] [जेल प्रहरी - 2017]
[जेल प्रहरी परीक्षा 20-10-2018, Shift -II]

(1) एस. के. घोष (2) एस. सी. त्रिपाठी
(3) बी. एस. तिवारी (4) एम. एम. वर्मा

**Ans. (1)** *व्याख्या : उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।*

❑ राजस्थान राज्य के गठन के समय अनुबंध करने वाले कुल 22 प्रांतों में से मात्र....में ही लोक सेवा आयोग कार्यरत थे? [III Grade (SST) -26.02.2023]

(1) 1 (2) 4 (3) 2 (4) 3

**Ans. (4)** *व्याख्या : उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।*

❑ राजस्थान लोक सेवा आयोग के बारे में सही कथन चुनकर उत्तर दें- [II Grade - 30.07.2023 (S- II)]

1. राजस्थान लोक सेवा आयोग अध्यादेश 20 अगस्त, 1949 को प्रभाव में आया।
2. राजस्थान लोक सेवा आयोग की स्थापना 22 दिसम्बर, 1949 को हुई थी।
3. जयपुर, जोधपुर और बीकानेर में लोक सेवा आयोग 16 अगस्त, 1949 को समाप्त कर दिये गये।

(1) केवल 1 सही है। (2) केवल 1 व 2 सही है।
(3) केवल 2 और 3 सही है। (4) 1, 2 और 3 सही है।

**Ans. (4)** *व्याख्या : उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।*

❑ दो या अधिक राज्यों के लिए संयुक्त लोक सेवा आयोग के अध्यक्ष एवं सदस्यों की नियुक्ति किसके द्वारा की जाती है?[CET : 5.2.2023 (II)][RAS-28.8.2016]

(1) राज्यों के राज्यपालों द्वारा (2) राष्ट्रपति द्वारा
(3) संघ लोक सेवा आयोग के अध्यक्ष (4) प्रधानमंत्री द्वारा

**Ans. (2)**

*व्याख्या -राज्य में योग्य लोक सेवकों की भर्ती करने के लिए संविधान के 14वें भाग में अनुच्छेद 315 से 323 तक राज्य लोक सेवा आयोग के गठन कार्य, शक्तियाँ सदस्यों की नियुक्ति, बर्खास्तगी आदि का प्रावधान किया गया है। संविधान के अनुच्छेद 315 (1) में प्रत्येक राज्य में एक लोक सेवा आयोग के गठन का प्रावधान किया गया है। अनुच्छेद 315 (2) में दो या अधिक राज्यों के लिए एक संयुक्त लोक सेवा आयोग के गठन का प्रावधान है। ऐसे आयोग के गठन के लिए विधि निर्माण की शक्ति संसद को प्राप्त है तथा आयोग का गठन राष्ट्रपति द्वारा किया जाता है तथा संयुक्त आयोग के अध्यक्ष एवं सदस्य अपना इस्तीफा राष्ट्रपति को संबोधित करते हैं।*

Scanned with OKEN Scanner

❑ दो या अधिक राज्यों के लिए संयुक्त लोक सेवा आयोग की नियुक्ति का प्रावधान कौन करेगा?

[PTI - 2015]

(1) संसद(2) राज्य विधानमण्डल(3)राष्ट्रपति(4)प्रधानमंत्री

**Ans.** (1) *व्याख्या : उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।*

❑ राजस्थान लोक सेवा आयोग का अध्यक्ष एवं सदस्यों की नियुक्ति की जाती है? [जेल प्रहरी परीक्षा - 2017]

[III Grade (Sanskrit) -27.2.2023]

(1) केन्द्रीय मंत्री परिषद द्वारा

(2) राज्यपाल की सलाह पर राष्ट्रपति द्वारा

(3) मुख्यमंत्री की सलाह पर राज्यपाल द्वारा

(4) प्रधानमंत्री की सलाह पर राष्ट्रपति द्वारा

**Ans.** (3)

***व्याख्या-अध्यक्ष व सदस्यों की नियुक्ति ( अनु. 316 )*** *: राजस्थान लोक सेवा आयोग के अध्यक्ष तथा सदस्यों की नियुक्ति राज्य के राज्यपाल द्वारा मुख्यमंत्री की सलाह पर की जाती है। [अनु. 316(1)] आयोग के वरिष्ठ सदस्य को अध्यक्ष बनाए जाने की परम्परा है। राज्यपाल द्वारा आयोग का अध्यक्ष किसी को भी नियुक्त किया जा सकता है।*

❑ राजस्थान लोक सेवा आयोग के सदस्यों का कार्यकाल कितना होता है? [उद्योग निरीक्षक परीक्षा-24.06.2018]

[EO & RO : 14.05.2023 (S-I)][II Grade (Sanskart) 2011]

[राजस्थान पुलिस कॉन्स्टेबल-15.07.2018 (II)]

(1) 6 वर्ष (2) 62 वर्ष की आयु तक

(3) 6 वर्ष अथवा 62 वर्ष की आयु, दोनों में पहले जो भी समाप्त हो

(4) 6 वर्ष अथवा 65 वर्ष की आयु, दोनों में पहले जो भी समाप्त हो जाये

**Ans.** (3)

***व्याख्या - कार्यकाल ( अनु- 316 )*** *- • लोक सेवा आयोग का अध्यक्ष एवं सदस्य अपने पद ग्रहण की तारीख से 6 वर्ष की अवधि या 62 वर्ष की आयु प्राप्त कर लेने तक, इनमें से जो भी पहले हो, अपना पद धारण करेंगे। [316(2)] संघ लोक सेवा आयोग में सेवानिवृत्ति की आयु 65 वर्ष है। • लोक सेवा आयोग के सदस्य अपनी पदावधि की समाप्ति पर उस पद पर पुनर्नियुक्त नहीं किये जा सकेंगे। ( अनु. 316(3) )। परन्तु सदस्य को कार्यकाल समाप्ति के बाद भी अध्यक्ष पद पर नियुक्त किया जा सकेगा, जो 6 वर्ष या 62 वर्ष की आयु जो भी पहले हो, तक अध्यक्ष पद पर कार्य करेगा।*

*• राज्य लोक सेवा आयोग का अध्यक्ष या कोई सदस्य राज्य के राज्यपाल को संबोधित अपने हस्ताक्षर सहित लेख द्वारा अपना पद त्याग कर सकेगा। ( अनु. 316 )*

❑ राजस्थान लोक सेवा आयोग से संबंधित निम्न कथनों पर विचार कीजिए- [स्कूल व्याख्याता - 21.10.2022]

**1.** राजस्थान लोक सेवा आयोग का सदस्य अपने पद ग्रहण की तारीख से छह वर्ष की अवधि तक या बासठ वर्ष की आयु प्राप्त कर लेने तक, इनमें से जो भी पहले हो अपना पद धारण करेगा।

**2.** कोई व्यक्ति जो राजस्थान लोक सेवा आयोग के सदस्य के रूप में पद धारण करता है, अपनी पदावधि की समाप्ति पर, उस पद पर पुनर्नियुक्ति का पात्र नहीं होगा।

(1) केवल 1 सही है। (2) केवल 2 सही है।

(3) 1 और 2 दोनों सही है। (4) दोनों गलत है।

**Ans.** (3) *व्याख्या : उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।*

❑ यदि राजस्थान लोक सेवा आयोग का अध्यक्ष/सदस्य इस्तीफा देना चाहता है तो वह अपना त्यागपत्र किसे देगा- [पटवार-23.10.2021 (Shift -I] [जेल प्रहरी - 2017]

(1) राष्ट्रपति(2) प्रधानमंत्री (3) राज्यपाल(4) मुख्यमंत्री

**Ans.** (3)*व्याख्या : उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।*

❑ राजस्थान लोक सेवा आयोग के सदस्यों की, अध्यक्ष सहित, कुल अनुमत संख्या है-[II Gr. (Sanskart)2011]

[EO & RO : 14.05.2023 (S-II)] [द्वितीय श्रेणी शिक्षक-2014]

(1) 5 (2) 6 (3) 7 (4) 8

**Ans.** (4)

*व्याख्या-आयोग की स्थापना के समय सदस्यों की स्वीकृत संख्या अध्यक्ष सहित 03 थी। वर्ष 1962 में सदस्य का एक और पद सृजित किया गया एवं वर्ष 1982-83 में सदस्यों की संख्या 05 हो गई। वर्ष 2011 में दो और सदस्यों के पद सृजित किये गये। वर्तमान में आयोग में एक अध्यक्ष एवं 7 सदस्य होते है। अर्थात् अध्यक्ष सहित सदस्यों की संख्या 8 हो गई।*

❑ राजस्थान लोक सेवा आयोग के सदस्यों की संख्या (अध्यक्ष को छोड़कर) कितनी है?

[PTI - 30.09.2018][लेखाकार -2015]

[II Grade GK - 22.12.2022]

(1) 4 (2) 3 (3) 5 (4) 7

**Ans.** (4) *व्याख्या : उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।*

Scanned with OKEN Scanner

❒ **राजस्थान लोक सेवा आयोग के अध्यक्ष को निलम्बित किया जा सकता है-** [द्वितीय श्रेणी अध्यापक-26.04.2017] [पटवार-24.10.2021 (Shift -I)]

(1) राजस्थान के मुख्यमंत्री द्वारा
(2) राजस्थान के मुख्य सचिव द्वारा
(3) राजस्थान के राज्यपाल द्वारा
(4) राजस्थान उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश द्वारा

**Ans.** (3)

*व्याख्या-हटाया जाना (अनु. 317)-राज्य लोक सेवा आयोग के अध्यक्ष व किसी अन्य सदस्य को केवल कदाचार के आधार पर राष्ट्रपति के आदेश द्वारा अनु. 145 में विहित प्रक्रिया के तहत उच्चतम न्यायालय द्वारा दोष सिद्ध होने पर ही हटाया जा सकता है। जाँच के दौरान राज्यपाल आरोपी अध्यक्ष या सदस्य को निलम्बित कर सकता है।*

❒ **राज्य लोक सेवा आयोग के सदस्य को पद से हटाया जा सकता है-** [CET : 04.02.2023 (S-I)]

(1) विधानसभा के महाभियोग प्रस्ताव के तहत राज्यपाल द्वारा
(2) संसद के महाभियोग प्रस्ताव के तहत राष्ट्रपति के द्वारा
(3) राज्यपाल के द्वारा उच्च न्यायालय के जाँच के बाद
(4) राष्ट्रपति के द्वारा सर्वोच्च न्यायालय के जाँच के बाद

**Ans.** (4) *व्याख्या : उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।*

❒ **राजस्थान लोकसेवा आयोग के अध्यक्ष या सदस्य को कार्यकाल की समाप्ति से पूर्व किसके द्वारा हटाया जा सकता है?** [CET : 04.02.2023 (S-II)]

(1) राष्ट्रपति द्वारा (2) विधानसभा द्वारा
(3) मुख्यमंत्री द्वारा (4) राज्यपाल द्वारा

**Ans.** (1) *व्याख्या : उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।*

❒ **राजस्थान लोक सेवा आयोग के अध्यक्ष को कौन सस्पेंड कर सकता है-**
[राजस्थान पुलिस कॉन्स्टेबल-14.06.2024 (I)]

(1) राजस्थान के मुख्यमंत्री द्वारा
(2) राजस्थान के मुख्य सचिव द्वारा
(3) गवर्नर द्वारा मुख्यमंत्री के नेतृत्व में गठित एक समिति द्वारा
(4) राज्यपाल की सलाह पर उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश द्वारा

**Ans.** (*)

*व्याख्या - राजस्थान लोक सेवा आयोग के अध्यक्ष को राज्यपाल उसके पद से तब तक के लिए निलंबित (सस्पेंड) कर सकता है, जब तक राष्ट्रपति ऐसे निर्देश जारी नहीं कर देता।*

❒ **राजस्थान लोक सेवा आयोग के सदस्यों की संख्या और सेवा शर्तों का अवधारण कौन करता है?** [II Grade GK (संस्कृत शिक्षा) -19.02.2019]

(1)राज्यपाल(2) राष्ट्रपति (3)राज्य विधानसभा (4)मुख्यमंत्री

**Ans.** (1)

*व्याख्या - सेवा शर्तें (अनु. 318) -राज्य लोक सेवा आयोग के सदस्यों की संख्या तथा उनकी सेवा की शर्तों का निर्धारण राज्यपाल द्वारा किया जाएगा। परन्तु लोक सेवा आयोग के सदस्य की सेवा की शर्तों में उसकी नियुक्ति के पश्चात् उसके लिए अलाभकारी परिवर्तन नहीं किया जाएगा।*

❒ **राज्य लोक सेवा आयोग के कर्मचारियों और सदस्यों की सेवा शर्तों को विनियमित करने की शक्ति संविधान के किस अनुच्छेद में वर्णित है?**[EO & RO :14.5.2023 (I)]

(1) अनुच्छेद 240 (2) अनुच्छेद 318
(3) अनुच्छेद 400 (4) अनुच्छेद 523 सी

**Ans.** (2) *व्याख्या : उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।*

❒ **भारतीय संविधान के किस अधिनियम के अनुसार राज्य लोक सेवा आयोग अपना प्रतिवेदन सम्बन्धित राज्य के राज्यपाल को सौंपते हैं?**[II Gra. (Hindi) -11]

(1) अधिनियम 315 (2) अधिनियम 316
(3) अधिनियम 320 (4) अधिनियम 323

**Ans.** (4)

*व्याख्या - संविधान के अनु. 323 के अनुसार आयोग प्रतिवर्ष अपने विविध कार्यकलापों यथा भर्ती, पदोन्नति, वरिष्ठता निर्धारण, अनुशासनात्मक कार्यवाही, अस्थायी सेवाओं की स्वीकृति तथा अन्य परामर्श संबंधी सभी कार्यों का सम्पूर्ण विवरण राज्यपाल को प्रेषित करता है।*

❒ **राजस्थान लोक सेवा आयोग अपना वार्षिक प्रतिवेदन प्रस्तुत करता है-**[कॉलेज व्याख्याता (सारंगी)- 30.05.2019] [II Grade (S-II) -29.1.2023] [R.A.S.- 27.10.2021]

(1) राजस्थान के मुख्यमंत्री को
(2) राजस्थान के राज्यपाल को
(3) राजस्थान उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायमूर्ति को
(4) भारत के राष्ट्रपति को

**Ans.** (2) *व्याख्या : उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।*

Scanned with OKEN Scanner

❑ निम्न में से किस मामले में राज्य लोक सेवा आयोग से परामर्श नहीं लिया जाता हैं? [RAS Pre Ex. 26.10.2013]
(1) सिविल सेवा के लिए भर्ती की पद्धति पर।
(2) सिविल सेवाओं की नियुक्ति में अनुसरण लिये जाने वाले सिद्धान्तों पर।
(3) सिविल सेवाओं में प्रोन्नति एवं एक सेवा से दूसरी सेवा में अंतरण के लिए अनुसरण लिये जाने वाले सिद्धान्तों पर। (4) सिविल सेवाओं का स्थानान्तरण पर।
**Ans. (4)**

**व्याख्या**- राज्य लोक सेवा आयोग से सिविल सेवाओं के स्थानान्तरण पर परामर्श नहीं लिया जाता।

❑ हरिशचन्द्र माथुर राजस्थान राज्य लोक प्रशासन संस्थान कहाँ है? [जेल प्रहरी परीक्षा 29-10-2018, Shift -I]
(1) कोटा (2) जोधपुर (3) जयपुर (4) बीकानेर
**Ans. (3)**

**व्याख्या** – **हरिशचन्द्र माथुर लोक प्रशासन संस्थान** *(HCMRIPA)* जयपुर : राजस्थान में प्रशासनिक सेवा के अधिकारियों को उचित प्रशिक्षण प्रदान करने हेतु *14 नवम्बर, 1957* को जोधपुर में अधिकारी प्रशिक्षण स्कूल (OTS) की स्थापना की गई जिसे *1963* में जयपुर हस्तांतरित कर दिया गया। *1969* में इसका नाम राज्य के अनुभवी प्रशासक एवं सांसद स्व. श्री हरिशचन्द्र माथुर की स्मृति में 'हरिशचन्द्र माथुर राजस्थान राज्य लोक प्रशासन संस्थान' कर दिया गया। • प्रशासनिका : हरिशचन्द्र माथुर लोक प्रशासन संस्थान जयपुर द्वारा प्रकाशित अर्द्धवार्षिक पत्रिका।

❑ हरिशचन्द्र माथुर राजस्थान राज्य लोक प्रशासन संस्थान का प्रमुख कार्य है-[वनरक्षक-13.12.2022(S-II)]
(1) भर्ती (2) प्रशिक्षण (3) सामाजिक विकास(4) जनगणना
**Ans. (2)** *व्याख्या : उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।*

❑ राजस्थान लोक सेवा आयोग के अध्यक्ष के रूप में, निम्नांकित में से किसका कार्यकाल सबसे लंबा रहा है? [Asst. Professor- 7.1.2024] [RAS (Pre)-28.08.2016]
(1) सी. आर. चौधरी (2) डी.एस. तिवाड़ी
(3) यतींद्र सिंह (4) मोहम्मद याकूब
**Ans. (2)**

**व्याख्या** – राजस्थान लोक सेवा आयोग के अध्यक्ष के रूप में अधिकतम कार्यकाल : श्री डी.एस. तिवाड़ी (तृतीय अध्यक्ष : 8-08-1951 से 20-01-1958 तक)

**न्यूनतम कार्यकाल**- श्री पी.एस. यादव (19वें अध्यक्ष : 01-10-1997 से 06-11-1997 तक-37 दिन)

❑ निम्नांकित में से कौन राजस्थान लोक सेवा आयोग के कार्यवाहक अध्यक्ष के पद पर नहीं रहे हैं? [II Grade GK - 21.12.2022]
(1) जी.पी.पिलानिया (2) एल.एल. जोशी
(3) एस.एस. टाक (4) एच.एन. मीणा
**Ans. (1)** *ज्ञानप्रकाश पिलानिया RPSC के सदस्य (1989-94) थे।*

❑ निम्नांकित में से कौन राजस्थान लोक सेवा आयोग के सचिव एवं अध्यक्ष दोनों रहे हैं- [PSI - 13.09.2021]
(1) एन. के. बैरवा (2) यतीन्द्र सिंह
(3) डी.डी. चौहान (4) देवेन्द्र सिंह
**Ans. (1)**

❑ आरपीएससी (RPSC) के अध्यक्षों को कालानुक्रमिक क्रम में व्यवस्थित करें- [II Grade - 30.07.2023 (S- I)]
**1. डॉ. बी. एल. रावत** **2. डॉ. दीन दयाल**
**3. रामसिंह चौहान** **4. डॉ. एस.एस. टाक**
(1) 2, 4, 3, 1 (2) 1, 3, 2, 4
(3) 3, 1, 4, 2 (4) 4, 2, 1, 3
**Ans. (2)**

❑ राजस्थान लोक सेवा आयोग की निम्नांकित में से कौनसी पूर्व महिला सदस्य संघ लोक सेवा आयोग की सदस्य भी रही है-[Assistant Professor-22.9.2021]
**1. श्रीमती कान्ता कथुरिया 2. श्रीमती कमला भील**
**3. डॉ. प्रकाशवती शर्मा 4. श्रीमती दिव्या सिंह**
सही उत्तर का चयन कीजिए-
(1) केवल 1 और 2 (2) केवल 1 और 3
(3) केवल 2 और 3 (4) 1, 2 एवं 3
**Ans. (2)**

**व्याख्या**-राजस्थान लोक सेवा आयोग की महिला सदस्य -
☞ कान्ता कथुरिया ( प्रथम ) -22.12.1989 से 23.04.1995 ( संघ लोक सेवा आयोग में 24.05.1995-22.08.1998 )
☞ कमला भील - 28.07.1993 से 27.07.1994
☞ प्रकाशवती शर्मा - 18.01.1996 से 18.01.2002 ( संघ लोक सेवा आयोग में 07.02.2005 )
☞ दिव्या सिंह - 30.11.2011 से 30.09.2012
☞ राजकुमारी गुर्जर - 07.12.2016 से 06.12.2022
☞ संगीता आर्य - 14.10.2020
☞ डॉ. मंजू शर्मा - 15.10.2020

Scanned with OKEN Scanner